# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, बलरामपुर
झारखण्डी रेलवे स्टेशन रोड, निकट निदान अस्पताल, मोतीसागर (तुलसीपार्क), बलरामपुर

Email Id- cdr_balrampur@yahoo.com

Mobile. No. 9151919684


पत्रांकः 869 /एम-16/ 19 दिनांकः08/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 07.06.2026 को प्रकाशित समाचार " चतुरनगर में पेयजल आपूर्ति को लेकर ग्रामीण परेशानः पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल संकट और पानी की बर्बादी" शीर्षक के सम्बन्ध में आख्या प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पोर्टल पर दिनांकः 07.06.2026 को प्रकाशित समाचार " चतुरनगर में पेयजल आपूर्ति को लेकर ग्रामीण परेशानः पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पेयजल संकट और पानी की बर्बादी" शीर्षक के सम्बन्ध में आप द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जांच आख्या निम्नवत् है-

| क0 सं0 | बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| 01 | चतुरनगर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था अधूरी है। जगह-जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इससे पानी की बर्बादी हो रही है और रास्तों पर पानी जमा होने से आवागमन में भी कठिनाई आ रही है।<br>ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जलापूर्ति व्यवस्था अभी तक पूरी तरह शुरू नहीं हो पाई है। कई स्थानों पर पाइपलाइन टूटी हुई हैं, जिससे पानी सड़कों पर बह रहा है। इसके परिणाम स्वरूप कीचड़ और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना का कार्य अधूरा होने के कारण इसका लाभ सभी परिवारों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीण शाह आलम ने बताया कि गांव के केवल कुछ हिस्सों में ही पानी की आपूर्ति शुरू हो सकी है। बड़ी संख्या में घरों में अभी तक पानी के कनेक्शन नहीं दिए गए हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत कराई जाए और सभी घरों तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। शिकायत करने वालों में शाह आलम, चेतराम, राकेश कुमार, राजकुमार, बिलाल, घनश्याम, प्रभूनाथ, जुबेर अहमद, रेहान खान, जमशेद अहमद, मन्नान, अली उल्ला, इस्तियाक अली, अकरम, जाहिद अली, वसीम अहमद और राम किशुन सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। | जनपद-बलरामपुर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा 199 नग पाइप पेयजल योजनाएं आवंटित हैं, जिसमें विकास खण्ड गैसड़ी के ग्राम पंचायत चतुरनगर को चतुरनगर-बगहीसीर संयुक्त पाइप पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना है। चतुरनगर-बगहीसीर संयुक्त पाइप पेयजल योजना पर वर्तमान तक फर्म द्वारा किये गये कार्यों की स्थिति निम्नवत् है-<br>1. ग्राम पंचायत का नाम- चतुरनगर व बगहीसीर<br>कुल सम्मिलित राजस्व ग्राम- 02<br>2. कुल हाउस कनेक्शन की संख्या- 826<br>पूर्ण किये गये हाउस कनेक्शन की संख्या-350<br>3. ट्यूबवेल- शत प्रतिशत पूर्ण<br>4. पम्प हाउस- शत प्रतिशत पूर्ण<br>5. सोलर पैनल अधिष्ठापन - शत प्रतिशत पूर्ण<br>6. अवर जलाशय -(250कि0ली0 / 16 मी0) शत प्रतिशत<br>7. वितरण प्रणाली-<br>कुल लम्बाई- 11338 मीटर<br>पूर्ण - 10124 मीटर<br>8. बाउण्ड्रीवाल- 100 प्रतिशत पूर्ण<br>9. मार्ग पुनर्स्थापना का कार्य - शत प्रतिशत पूर्ण<br>अवगत कराना है कि चतुरनगर-बगहीसीर संयुक्त पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चतुरनगर में जलापूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत में कुछ स्थानों पर पाइप लाइन में लीकेज की समस्या है। पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत हेतु टीम लगा दी गयी है। सम्बन्धित फर्म द्वारा 03 दिवस के अन्दर पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराकर ग्राम पंचायत चतुरनगर में जलापूर्ति बहाल करा दी जायेगी। ग्राम पंचायत बगहीसीर में पाइप लाइन का कार्य ग्राम प्रधान द्वारा अवरूद्ध किये जाने के कारण पूर्ण नहीं कराया जा सका है। ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि मेरे ग्राम पंचायत बगहीसीर में अवर जलाशय (ओ0एच0टी0) का निर्माण होना चाहिए जबकि योजना की डी0पी0आर0 में ग्राम पंचायत चतुरनगर में निर्मित अवर जलाशय (ओ0एच0टी0) से ही बगहीसीर को भी पेयजल योजना से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। |


भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता










<u>फोटोग्राफ्स–संलग्नक 01(चतुरनगर–बगहीसीर पाइप पेयजल योजना, वि0ख0 गैसड़ी, जनपद–बलरामपुर)</u>